आदेश

निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर ने अपने पत्रांक 37784/ई–एक्स–58(एस) बडौत, दिनांक 19.02.2013 के द्वारा संस्था में रिक्त पदो पर पदौन्नति की अनुमति प्रदान करते हुए चयन समिति गठित की गयी थी, तत्पश्चात् पत्रांक 755/ई–एक्स–58(एस) बडौत, दिनांक 22.08.2014 के द्वारा संशोधित चयन समिति गठित की गयी। उक्त अनुपालन में संस्था में रिक्त पदोन्नति के पदो पर पदौन्नति करने हेतु चयन समिति की बैठक दिनांक 26.08.2014 व 27.08.2014 को सम्पन्न हुई।

सहायता प्राप्त उ0प्र0 प्राविधिक शिक्षा विनियमावली–1996 की व्यवस्थानुसार चयन समिति द्वारा श्री संजीव सिंह, प्रवक्ता विद्युत अभियन्त्रण को वरिष्ठ प्रवक्ता विद्युत अभियन्त्रण पद पर पदौन्नति किये जाने का निर्णय लिया गया, परन्तु निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर के पत्रांक 10547/ई–35–एक्स–58(एस–II)–बडौत, दिनांक 12.09.2014 के द्वारा वरिष्ठ प्रवक्ता विद्युत के पद पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में आपत्तियाँ अंकित करते हुये अधोहस्ताक्षरी को सूचित किया गया है कि वरिष्ठ प्रवक्ता विद्युत के पद पर पदौन्नति दिया जाना सम्भव नहीं है। तत्पश्चात् निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर के पत्रांक 21543/ई–35–एक्स–58(एस–II) बडौत दिनांक 17.12.2014 के द्वारा वरिष्ठ प्रवक्ता विद्युत के पद का अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है, जिसकी प्रति निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर के पत्रांक 849/ई–35–एक्स–58(एस–II)–बडोत, दिनांक 12.01.2015 के साथ संस्था को दिनांक 15 जनवरी, 2015 को प्राप्त हो गयी है।

चयन समिति की संस्तुति एवं निदेशक महोदय के अनुमोदनापरान्त दो वर्ष के प्रवीक्षाकाल पर श्री संजीव सिंह, प्रवक्ता विद्युत अभियन्त्रण की पदौन्नति वरिष्ठ प्रवक्ता विद्युत अभियन्त्रण वेतन बैण्ड–3, रू0 15600–39100, ग्रेड पे रू0 6600/– पद पर की जाती है। पदौन्नति पर वेतन निर्धारण और वेतन भुगतान सहायता प्राप्त प्राविधिक शिक्षा संस्थाओ पर लागू शासनादेशों के अनुरूप ही देय होगा।

यह आदेश तत्काल रूप से प्रभावी होंगे।

(जे0 के0 जैन)
अध्यक्ष

कार्यालय– अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति, दिगम्बर जैन पॉलिटैक्निक, बडौत (बागपत)

पृ0सं0 व–6/1296 रिक्त पद पदौन्नति/2014–15 दिनांकः 02-02-2015

प्रतिलिपि–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर को उनके द्वारा प्रदत्त उक्त अनुमोदन के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. संयुक्त निदेशक (आहरण वितरण अधिकारी), प्राविधिक शिक्षा पश्चिमी क्षेत्र, दौराला (मेरठ) को सूचनार्थ हेतु।
3. वरिष्ठ सहायक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. श्री संजीव सिंह, प्रवक्ता विद्युत (वर्तमान पद) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. लेखाकार (संस्थागत) को पूर्व की भाँति वेतन निर्धारण तैयार कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु।
6. स्थापना लिपिक को सेवा पुस्तिका में आवश्यक प्रविष्टि अंकित कर व्यक्तिगत पत्रावली में संरक्षित रखने हेतु।

(जे0 के0 जैन)
अध्यक्ष